# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय

# SIDDHARTH UNIVERSITY

Kapilvastu, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh-272202
Website: www.suksn.edu.in

# प्रवेश निर्देशिका

# ADMISSION BULLETIN

## शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए

## *FOR ACADEMIC SESSION- 2022-23*



# University at a Glance
## विश्वविद्यालय एक नजर

**Siddharth University** (informally abbreviated **SUK**), is a state university located at Kapilvastu, Siddharth Nagar, Uttar Pradesh, India. It affiliates colleges from six districts of eastern Uttar Pradesh, namely Siddharth Nagar, Maharaj Ganj, Sant Kabir Nagar, Basti, Balrampur and Shravasti. Siddharthnagar is the place, well known worldwide as the 'playground' of Prince Siddhartha-later known as Lord Buddha. The Government of Uttar Pradesh formally notified the Gazette on June 17, 2015 regarding the opening of this Centre for Higher Learning. The newly established Siddharth University, in fact, is a holy stream of historical tradition and legacy of the Philosophy, science and preaching of Lord Buddha is aimed at enlightening and igniting the youth of this area with his great messages. we adopted buddha as-

B- Become
U- Unique
D- Disciplined
D- Dedicated
H- Humble
A- Achievers

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर, भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के सिद्धार्थनगर जनपद में स्थित एक राज्य विश्वविद्यालय है। उत्तर प्रदेश सरकार ने दिनांक 17 जून, 2015 को इस उच्च शिक्षा केन्द्र के स्थापना के सम्बंध में औचपारिक रूप से राजपत्र अधिसूचित किया। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से पूर्वी उत्तर प्रदेश के छः जनपद– सिद्धार्थ नगर, महराजगंज, संतकबीरनगर, बस्ती, बलरामपुर एवं श्रावस्ती के महाविद्यालय सम्बद्ध है।

कपिलवस्तु वह स्थल है जो राजकुमार सिद्धार्थ की क्रीड़ा भूमि के रूप में विश्व में प्रसिद्ध है, जिन्हें बाद में भगवान बुद्ध के रूप में जाना गया। नव स्थापित सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, वास्तव में, ऐतिहासिक परंपरा और भगवान बुद्ध के दर्शन, विज्ञान और उपदेशों की विरासत की एक पवित्र धारा है और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र के युवाओं को उनके महान संदेशों के साथ प्रबुद्ध और अवलोकित करना है।



**HER EXCELLENCY HONOURABLE SMT ANANDIBEN PATEL**
**CHANCELLOR**



**PROF. HARI BAHADUR SRIVASTAVA**
**VICE CHANCELLOR**



**Prof. Deepak Babu Mishra**
**DEAN COMMERCE**



**Prof. Harish Kumar Sharma**
**DEAN ARTS**



**Prof. Devesh Kumar**
**DEAN SCIENCE -CAMPUS**



**Shri Rakesh Kumar**
**Registrar**



**Shri Ajay Kumar Sonkar**
**Finance Officer**

# For Academic Session 2022-23
## शैक्षणिक सत्र 2022-23

University offers the courses in the faculties of Science, Commerce & Management and Arts in the University Campus and the Courses in Agriculture, Education and Physical Education are in the Affiliated Colleges mentioned below.

विश्वविद्यालय परिसर में विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबंधन और कला संकाय के पाठ्यक्रम उपलब्ध है और नीचे वर्णित संबद्ध महाविद्यालयों में कृषि, शिक्षा और शारीरिक शिक्षा के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे है।

### General Instructions

The admission process for this Academic session will be through online mode, the application/registration fees for which is as follows. (For University campus as well as Affiliated colleges)

### सामान्य निर्देश

शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी जिसके लिए आवेदन/पंजीकरण शुल्क इस प्रकार है– (विश्वविद्यालय परिसर के साथ–साथ संबद्ध कॉलेजों के लिए)

Online Application/ Registration Fees
ऑनलाइन आवेदन / पंजीकरण शुल्क

| | | |
|---|---|---|
| A | General/Other Backward Class<br>सामान्य/अन्य पिछड़ा वर्ग | ₹ 750.00 |
| B | Scheduled Caste/ scheduled Tribe<br>अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | ₹ 400.00 |
| c | Mode of Admission प्रवेश का तरीका | Entrance Test/ Direct Admission by Counselling<br>प्रवेश परीक्षा / काउंसलिंग द्वारा सीधे प्रवेश |
| d | Online Application Start date | 30.05.2022 |
| e | Last Date of Submission | 30.06.2022 |

**Note:** Appearing students of class 12$^{th}$ and graduation are also eligible to apply respectively for UG & PG courses but they have to submit the required mark sheet immediately after the declaration of the results/ or at the time of admission.

नोट– इन्टरंमीडिएट और स्नातक कक्षाओं के अन्तिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी क्रमशः स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन करने के पात्र हैं, लेकिन उन्हें अपने परीक्षा परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद अथवा प्रवेश के समय अपेक्षित अंकतालिका अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी।

# Programmes offered in University Campus
## (विश्वविद्यालय परिसर में संचालित कार्यक्रम)

## Faculty of Arts
## कला संकाय
### Under Graduate Courses (स्नातक पाठ्यक्रम)

**Admission Procedure** – Direct Admission through counselling.
**Number of seats** – 200
**Fees-** ₹ 2544.00 per semester
**प्रवेश प्रक्रिया** . काउन्सिलिंग के माध्यम से सीधे प्रवेश।
**सीटों की संख्या** – 200
**फीस-** ₹2544.00 प्रति सेमेस्टर

**Please read the table below** - For getting admission in B.A Course a Candidate has to opt two subjects from Group A or Group B and one subject from any Group -A or B. In this way a candidate will select three subjects but they should not be from one group. A minor subject will be chosen from Group C, which is other than the subject chosen from Group A and Group B. Co-Curricular subject is compulsory for all. A Skill development course will be chosen from Group D as a compulsory paper.

**For example-** If a candidate selects Hindi and English from Group A and selects Sociology from group B, then he /She has to select one minor paper other than these three subjects.

**कृपया नीचे दी गई तालिका पढ़ें–** बीए में प्रवेश पाने के लिए एक अभ्यर्थी को ग्रुप ए अथवा ग्रुप बी में से दो विषय और किसी भी ग्रुप – ए अथवा बी से एक विषय चुनना होगा। इस तरह एक अभ्यर्थी तीन विषयों का चयन तीन पत्रों के रूप में करेगा। एक ही ग्रुप से तीन विषय नही चुनना है । ग्रुप सी से एक लघु विषय चुना जाएगा,जो ग्रुप ए और ग्रुप बी से चुने गए विषय के अलावा अन्य है। अनिवार्य सहगामी पाठयक्रम (Co-curriculum) विषय सभी के लिए अनिवार्य है। अनिवार्य पेपर के रूप में ग्रुप डी से एक कौशल विकास पाठ्यक्रम का चयन किया जाएगा।

**उदाहरण के लिए–** यदि कोई उम्मीदवार समूह ए से हिंदी और अंग्रेजी का चयन करता है और समूह बी से समाज शास्त्र का चयन करता है, तो उसे इन तीन विषयों के अलावा एक लघु पेपर का चयन करना होगा।

### Table तालिका

| Co- Curricular Compulsory Paper **सह पाठ्यचर्या अनिवार्य पेपर** | Group A Subjects **समूह अ विषय** | Group B Subjects **समूह बी विषय** | Group C Any one paper (Minor) **समूह सी कोई एक पेपर** | Group D Any one Skill Development course **ग्रुप डी कोई एक कौशल विकास पाठ्यक्रम** |
|---|---|---|---|---|
| One paper in each semester<br>प्रत्येक सेमेस्टर में एक पेपर | Hindi हिन्दी | Sociology समाज शास्त्र | Ancient History Culture and Archaeology प्राचीन इतिहास पुरातत्व और संस्कृति,<br>Economics अर्थशास्त्र,<br>English अंग्रेज़ी,<br>Hindi हिन्दी,<br>History इतिहास,<br>Political Science राजनीति विज्ञान,<br>Psychology मनोविज्ञान,<br>Public Administration लोक प्रशासन,<br>Sanskrit संस्कृत,<br>Sociology समाज शास्त्र | Computer Skill कंप्यूटर कौशल |
| | English अंग्रेज़ी | Psychology मनोविज्ञान | | English Communication अंग्रेजी संचार |
| | Sanskrit संस्कृत | Public Administration लोक प्रशासन | | Tailoring and Embroidery सिलाई और कढ़ाई |
| | History इतिहास | Political Science राजनीति विज्ञान | | Drawing and Painting चित्रांकन और रंगाई |
| | Ancient History Archaeology & Culture प्राचीन इतिहास पुरातत्त्व एवं संस्कृति | Economics अर्थशास्त्र | | Music संगीत |

# Post Graduate Courses
## परास्नातक पाठ्यक्रम

| S.No | Programme स्तर | Course पाठ्यक्रम | Subjects विषय | Eligibility पात्रता | Intake प्रवेश सीट | Fees / semester शुल्क प्रति सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Ancient History Culture and Archaeology प्राचीन इतिहास संस्कृति और पुरातत्व | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 2 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Economics अर्थशास्त्र | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 3 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | English अंग्रेज़ी | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 4 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Hindi हिन्दी | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 5 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | History इतिहास | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 6 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Political Science राजनीति विज्ञान | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 7 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Psychology मनोविज्ञान | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 8 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Public Administration लोक प्रशासन | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 9 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Sanskrit संस्कृत | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 10 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Sociology समाज शास्त्र | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |
| 11 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.A एम.ए. | Urdu उर्दू | B.A with 40% | 40 | ₹ 2265.00 |

# Faculty of Commerce
## वाणिज्य संकाय
## Under Graduate & Post Graduate Courses
### स्नातक पाठ्यक्रम एवं परास्नातक पाठ्यक्रम

| S.No | Programme कार्यक्रम | Course पाठ्यक्रम | Subject विषय | Intake प्रवेश सीट | Eligibility पात्रता | Fees/ semester शुल्क प्रति सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Graduate स्नातक | B.B.A बी0बी0ए0 | Bachelor of Business Administration बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | 60 | 10+2 with Any discipline with minimum 40% किसी भी अनुशासन (विषय) में न्यूनत 40 प्रतिशत के साथ इन्टरमीडएट | ₹ 2544.00 |
| 2 | Graduate स्नातक | B.Com बी0काम0 | Commerce वाणिज्य | 60 | 10+2 Any discipline with minimum 50% marks किसी भी अनुशासन (विषय) में न्यूनत 40 प्रतिशत के साथ इन्टरमीडएट | ₹ 2544.00 |
| 3 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Com. एम0काम0 | Commerce वाणिज्य | 60 | B. Com/ B.A Economics/ B.B.A/B.Sc. Math's with minimum 40% बी0काम0/बी0ए0 अर्थशास्त्र/बी0बी0ए0/बी0एस0सी0 गणित | ₹ 2265.00 |
| 4 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.B.A. एम0बीए0 | Management प्रबंधन | 60 | Graduate in any discipline with minimum 40% किसी भी विषय में स्नातक | ₹ 2265.00 |

# Faculty of Science
## विज्ञान संकाय
## Post Graduate Courses (परास्नातक पाठ्यक्रम)

| S.No | Programme कार्यक्रम | Course पाठ्यक्रम | Subject विषय | Intake प्रवेश सीट | Eligibility पात्रता | Fees/ Semester शुल्क प्रति सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. एम0एस0सी0 | Bio Technology जैव प्रौद्योगिकी | 20 | *B.Sc with 40% | ₹ 2265.00 |
| 2 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. एम0एस0सी0 | Botany वनस्पति विज्ञान | 20 | *B.Sc with 40% | ₹ 2265.00 |
| 3 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. एम0एस0सी0 | Chemistry रसायन विज्ञान | 20 | *B.Sc with 40% | ₹ 2265.00 |
| 4 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. एम0एस0सी0 | Home Science गृह विज्ञान | 20 | *B.Sc with 40% | ₹ 2265.00 |
| 5 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. एम0एस0सी0 | Mathematics गणित | 20 | *B.Sc with 40% | ₹ 2265.00 |
| 6 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. एम0एस0सी0 | Physics भौतिक विज्ञान | 20 | *B.Sc with 40% | ₹ 2265.00 |
| 7 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. एम0एस0सी0 | Zoology प्राणि विज्ञान | 20 | *B.Sc with 40% | ₹ 2265.00 |

***B.Sc. with relevant subjects, for Bio-Technology B.Sc. with Bio. Group i.e. Zoology, Botany and Chemistry.**

# Programmes offered in affiliated Colleges
(सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित पाठ्यक्रम)

## Faculty of Agriculture
## कृषि संकाय

### Under Graduate Courses
### स्नातक पाठ्यक्रम

| S.No | Programme कार्यक्रम | Course पाठ्यक्रम | Nature of Course पाठ्यक्रम की प्रकृति | College महाविद्यालय | Eligibility पात्रता | Intake प्रवेश | Fees / semester शुल्क प्रति सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Under Graduate स्नातक | B.Sc.(A.g.) | Self-finance स्ववित्तपोषित | CCS College,Pandavnagar Basti | 10+2 | 240 | ₹ 2265.00 |
| 2 | Under Graduate स्नातक | B.Sc.(A.g.) | Self-finance स्ववित्तपोषित | Vimla Vikram PG College, Pachpedva Balrampur | 10+2 | 120 | ₹ 2265.00 |
| 3 | Under Graduate स्नातक | B.Sc.(A.g.) | Self-finance स्ववित्तपोषित | Dr RML Degree College, itwa, Siddharth Nagar | 10+2 | 120 | ₹ 2265.00 |

### Post Graduate Courses
### परास्नातक पाठ्यक्रम

| S.No | Programme कार्यक्रम | Course पाठ्यक्रम | Nature of Course पाठ्यक्रम की प्रकृति | College महाविद्यालय | Eligibility पात्रता | Intake प्रवेश | Fees / semester शुल्क प्रति सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc.(A.g.) Agronomy शस्य विज्ञान | Self-finance स्ववित्तपोषित | Chaudhary Charan Singh PG College, Pandav Nagar Basti चौधरी चरण सिंह पी0जी0 कालेज, पाण्डव नगर बस्ती | B.Sc Ag बीएससी कृषि | 30 | ₹ 2265.00 |
| 2 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. (A.g.) Horticulture उद्यान विज्ञान | Self-finance स्ववित्तपोषित | | B.Sc Ag बीएससी कृषि | 30 | ₹ 2265.00 |
| 3 | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Sc. (A.g.) Agriculture Extension कृषि प्रसार | Self-finance स्ववित्तपोषित | | B.Sc Ag बीएससी कृषि | 30 | ₹ 2265.00 |

# Faculty of Education and Physical Education
शिक्षा और शारीरिक शिक्षा संकाय

## Post Graduate Courses
परास्नातक पाठ्यक्रम

| S.No | Programme स्नातकोत्तर | Course पाठ्यक्रम | Nature of Course पाठ्यक्रम की प्रकृति | college महाविद्यालय | Eligibility पात्रता | Intake प्रवेश सीट | Fees / semester शुल्क प्रति सेमेस्टर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Post Graduate स्नातकोत्तर | M.Ed | **Self-finance** स्ववित्तपोषित | Pt. Ambika Pratap narayan PG College Dumri Sant Kabirnagar | **B.Ed** | 50 | ₹ 2265.00 |
| | | | | Shivshankar Chaturvedi mahavidyalaya, Dungpar Santkabirnagar | | 50 | |
| | | | | Swarn Prabha P.G.College Anandnagar Farenda Maharajganj | | 50 | |
| | | | | Smt Prabha Devi P.G college Mukhlispur Road Santkabirnagar | | 50 | |
| 2 | Post Graduate स्नातकोत्तर | B.P.ED | **Self-finance** स्ववित्तपोषित | Jawaharlal Nehru Smarak P.G.college Maharajganj | **B.P.Ed** | 50 | ₹ 2265.00 |
| | | | | Smt Prabha Devi PG College, Mukhlispur Road Santkabirnagar | | 50 | |
| | | | | Pt. Surya Narayan Chaturedi Mahavidyalaya, Parvata Vishwanathpur,Sant Kabirnagar | | 50 | |
| | | | | Pt. Ambika Pratap Narayan PG College, Dumari Santkabirnagar | | 50 | |
| | | | | G.P.S.Smarak Mahavidyalaya Khalilabad | | 50 | |

# General Rules for admission in various courses
## विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य नियम

1.Weightage will be given in all faculties as under
सभी संकायों में निम्नानुसार अधिभार दिया जाएगा।

a. In the post graduate course 5 percent to the candidates of Siddharth University Campus.
स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय परिसर के अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत।

b. 20 percent for female candidates.
महिला अभ्यर्थी के लिए 20 प्रतिशत।

c. 2 percent for students with 'B' or 'C' certificate in NCC.
एन0सी0सी0 में 'बी' या 'सी' सर्टिफिकेट वाले छात्रों के लिए 2 प्रतिशत।

d. 2 percent to NSS candidates who served for 240 hrs. and took part in at least one special camp under NSS. The claim will be provided only after the counter signature of Honorable Vice Chancellor.
राष्ट्रीय सेवा योजना के अभ्यर्थियो को 2 प्रतिशत जिन्होंने 240 घंटे सेवा की और एन0एस0एस0 के तहत कम से कम एक विशेष शिविर में भाग लिया हो। माननीय कुलपति के प्रतिहस्ताक्षर के बाद ही दावा उपलब्ध कराया जाएगा।

e. 2 percent for Rovers and Rangers.
रोवर्स और रेंजर्स के लिए 2 प्रतिशत।

f. The wards of teaching/ non-teaching employees of University campus or Affiliated colleges /institutions of Siddharth University will be provided the weightage of 10 percent.
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों/संस्थानों के शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के बच्चों को 10 प्रतिशत वेटेज प्रदान किया जाएगा।

**Note-** In any circumstances the weightage marks shall not be more than 10 percent. Two or more than two criteria will not be clubbed. A candidate can claim two weightage criteria for a maximum weightage of 7 percent.

**नोट–** किसी भी परिस्थिति में भारांक (वेटेज अंक) 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होंगे। दो या दो से अधिक मानकों को नहीं जोड़ा जाएगा। एक अभ्यर्थी अधिकतम 7 प्रतिशत भारांक के लिए दो भारांक मानकों का दावा कर सकता है।

2.There is a sports quota for the candidates of national/ state level winners in each faculty. To avail this facility a candidate has to get the permission of honorable Vice Chancellor. A candidate has to specify in the column provided for the same at the time of filling of forms failing which the claim will not be given.

A candidate claiming for sports quota has to provide a certificate issued by a competent authority.

प्रत्येक संकाय में राष्ट्रीय/राज्य स्तर के विजेताओं के अभ्यर्थियों के लिए एक खेल कोटा है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अभ्यर्थी को माननीय कुलपति की अनुमति लेनी होगी। एक उम्मीदवार को फॉर्म भरने के समय इसके लिए प्रदान किए गए कॉलम में उल्लेख करना होगा, ऐसा न करने पर दावा नहीं दिया जाएगा।

आरक्षण कोटे के लिए दावा करने वाले उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र उपलब्ध करना होगा।

3. **Reservation-** Reservation will be subject to government orders issued from time to time.
3.आरक्षण– आरक्षण समय–समय पर जारी सरकारी आदेशों के अधीन होगा।

Vertical Reservation( Only for Domicile of Uttar Pradesh)

| | | |
|---|---|---|
| a. | Scheduled Caste | 21 percent |
| b. | Scheduled Tribe | 02 percent |
| c. | Other Backward caste( non Creamy layer) | 27 percent |
| d. | Economically weaker Section | 10 percent |

(For EWS Reservation a candidate has to present a certificate of Domicile issued by a competent authority of his own district such as District Magistrate/ Upper District magistrate/ magistrate/ Tehsildar, failing which the reservation will not be provided.)
For OBC Reservation a recent certificate has to be provided by the candidate mentioning that the candidate does not come under the creamy layer is must.

A . उर्ध्व आरक्षण (केवल उत्तर प्रदेश के अधिवास के लिए)

| | | |
|---|---|---|
| a. | अनुसूचित जाति | 21 प्रतिशत |
| b. | अनुसूचित जनजाति | 02 प्रतिशत |
| c. | अन्य पिछड़ी जाति (नॉन क्रीमी लेयर) | 27 प्रतिशत |
| d. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 10 प्रतिशत |

(ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिए एक उम्मीदवार को अपने ही जिले के सक्षम अधिकारी जैसे जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट/मजिस्ट्रेट/तहसीलदार द्वारा जारी अधिवास का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर आरक्षण प्रदान नहीं किया जाएगा।)
ओबीसी आरक्षण के लिए उम्मीदवार द्वारा हाल ही में एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाना चाहिए जिसमें उल्लेख किया गया हो कि उम्मीदवार क्रीमी लेयर के अंतर्गत नहीं आता है।

A. Horizontal Reservation

- Physically Handicapped 4 percent
- Dependents of Freedom Fighters 2 percent
- Ex servicemen / Martyrs of War, handicapped defense personnel 2 percent

B. क्षैतिज आरक्षण

- शारीरिक रूप से दिव्यांग 4 प्रतिशत
- स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित 2 प्रतिशत
- भूतपूर्व सैनिक/युद्ध के शहीद, दिव्यांग रक्षा कर्मी 2 प्रतिशत

B. On the basis of G.O number personnel section 2 no- 3/2019/-2/19 TC- II dated 14 March 2019, reservation for Economically Weaker Section (EWS) is applicable for the candidates who are domicile of Uttar Pradesh Only.

शासनादेश क्रमांक कार्मिक धारा 2 क्रमांक– 3/2019/–2/19 टीसी– II दिनांक 14 मार्च 2019 के आधार पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासी उम्मीदवारों के लिए लागू है। .

**D. Supernumerary Reservation-** No candidate will get admission without proper application submitted as time within the deadline of application.

1. The total number of reserved seats for the dependents (Spouse/ son/daughter) of the working teachers/ non-teaching staff of the University is 10 percent. This reservation shall be provided strictly on the basis of merit in written examination conducted by university.

2. The total number of reserved seats for admission in Post Graduate courses for the dependent of the working teachers/ Non-teaching staff is 5 percent of the sanctioned seats.

**D. अतिरिक्त (सुपरन्यूमेरी) आरक्षण–** किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन के लिये निर्धारित अन्तिम तिथि तक उचित आवेदन किये बिना प्रवेश नहीं मिलेगा।

1. विश्वविद्यालय के कार्यरत शिक्षकों/शिक्षणेतर कर्मचारियों के आश्रितों (पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री) के लिए आरक्षित सीटों की कुल संख्या 10 प्रतिशत है। यह आरक्षण विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में अर्ह योग्यता स्तर के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

2. कार्यरत शिक्षकों/शिक्षणेतर कर्मचारियों के आश्रितों के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आरक्षित सीटों की कुल संख्या स्वीकृत सीटों का 5 प्रतिशत है।

## **Notice** - Competent authorities for issuing the certificates.

| Certificate | Competent Authority |
|---|---|
| Caste certificate ( SC/ST/OBC) | District Magistrate/ Upper District Magistrate/ Tahsildar/ Magistrate |
| Physically Challenged Certificate | Chief Medical Officer |
| Dependents of Freedom Fighters Certificate | District Magistrate |
| Defence Certificate ( Ex Servicemen/ Martyrs of War, Soldiers handicapped in War and their dependents) | District Soldier welfare Officer |
| Servicemen and their dependents | Commanding Officer |
| Dependents of teaching/ Non-teaching staff of the University | Registrar of University |
| Dependents of the affiliated Government aided degree college teachers and the non-teaching staff | Counter signed by the Principal of the concerned college and regional Higher education Officer |
| Kashmiri migrants and Martyr of Kargil | District Magistrate |
| Economically Weaker Section EWS | District Magistrate/ Additional District Magistrate/ Pargana Magistrate/ tahsildar |

## सूचना - सक्षम प्राधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए।

| प्रमाणपत्र | सक्षम प्राधिकारी |
|---|---|
| जाति प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी) | जिला मजिस्ट्रेट/उच्च जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार/मजिस्ट्रेट |
| शारीरिक रूप से विकलांग प्रमाण पत्र | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| स्वतंत्रता सेनानी प्रमाण पत्र के आश्रित प्रमाणपत्र जिलाधिकारी<br>रक्षा प्रमाण पत्र (भूतपूर्व सैनिक/युद्ध के शहीद, युद्ध में दिव्यांग सैनिक और उनके आश्रित) | जिला सैनिक कल्याण अधिकारी |
| सैनिक और उनके आश्रित | कमांडिंग ऑफिसर |
| विश्वविद्यालय के टीचिंग/नॉन टीचिंग स्टाफ के आश्रित | विश्वविद्यालय के कुलसचिव |
| संबद्ध अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों के आश्रित | संबंधित कॉलेज के प्राचार्य और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित |
| कश्मीरी प्रवासी और कारगिल के शहीद | जिलाधिकारी |
| आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) | जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/मजिस्ट्रेट/तहसीलदार |

# General Instructions for admissions in various courses.
## विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सामान्य निर्देश

The Entrance examination will be conducted if we get more than two and a half times applications for the required seats. आवश्यक सीटों के लिए ढाई गुना से अधिक आवेदन मिलने पर प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी

Applicants who qualify the entrance examination and fulfill minimum required eligibility criteria will be given provisional admission according to their ranks in the merit list. The list will be pasted on the notice board of the concerned faculty. प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले और न्यूनतम आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले आवेदकों को मेरिट सूची में उनके रैंक के अनुसार अनंतिम प्रवेश दिया जाएगा। सूची संबंधित संकाय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी।

The candidate will appear before the admission committee along with their original certificates on the date provided to them, in the University campus. A migration certificate from the last appeared institution is also required along with a character certificate. अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश समिति के समक्ष विश्वविद्यालय परिसर में उन्हें प्रदान की गई तिथि पर उपस्थित होंगे। चरित्र प्रमाण पत्र के साथ अंतिम बार उपस्थित संस्थान से माइग्रेशन प्रमाणपत्र भी आवश्यक है।

After getting admission a candidate has to deposit fees in The State Bank of India, Siddharth University branch and deposit the department copy with the head of the Department with in three days of submission of their fees and keep student copy safe with him for future correspondence. प्रवेश लेने के बाद उम्मीदवार को भारतीय स्टेट बैंक की सिद्धार्थ विश्वविद्यालय शाखा में शुल्क जमा करना होगा और अपनी फीस जमा करने के तीन दिनों के भीतर विभाग के प्रमुख के पास हेतु शुल्क रसीद की प्रति जमा करनी होगी और भविष्य में पत्राचार के लिए छात्र की प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी होगी।

An applicant will be considered a regular student of the University from the time of his/her registration in the concerned department after the payment of the required fees. एक आवेदक को आवश्यक शुल्क के भुगतान के बाद संबंधित विभाग में उसके पंजीकरण के समय से विश्वविद्यालय का नियमित छात्र माना जाएगा।

The University reserves the right to cancel or deny the admission of any applicant without citing the reason. विश्वविद्यालय बिना कारण बताए किसी भी आवेदक के प्रवेश को रद्द करने या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

All the documents related to entrance examination will be preserved for a period of six months from the date of Entrance examination. प्रवेश परीक्षा से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रवेश परीक्षा की तारीख से छह महीने की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाएगा।

## Facilities / सुविधा

- ❖ छात्रावास पुरूष एवं महिला
- ❖ 24X7 विद्युत एवं जल
- ❖ सिक्योरिटी युक्त कैम्पस
- ❖ वाई–फाई सुविधा युक्त कैम्पस
- ❖ वी0आई0पी0गेस्ट हाउस।
- ❖ खेल हेतु ग्राउन्ड।
- ❖ एन0सी0सी0 एवं एन0एस0एस0
- ❖ इन्क्यूबेसन सेन्टर (स्टॅाप के लिए)
- ❖ कैश–लेस कैम्पस
- ❖ कैफेटेरियां
- ❖ बैंक
- ❖ पोस्ट आफिस
- ❖ हेल्थ सेन्टर
- ❖ बस
- ❖ स्कॉलरशीप (शासन द्वारा)
- ❖ केन्द्रीय ग्रंथालय
- ❖ छात्रा कामन रूम
- ❖ बालिका हेल्थ क्लब



Administrative Building (प्रशासनिक भवन)



Art Faculty (कला संकाय)



BANK & POST OFFICE (बैंक एवं पोस्ट ऑफिस)



Boys Hostel(छात्रावास)


Girls Hostel (महिला छात्रावास)



वॉयस ऑफ शताब्दी — सिद्धार्थनगर

14 जुलाई से परीक्षा शुरू हुई, 19 से शुरू हो गया मूल्यांकन

## सिद्धार्थ विवि ने सबसे पहले रिजल्ट दिया

सिद्धार्थ विवि के प्रशासनिक भवन में परीक्षा परिणाम घोषित करते कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव

वॉयस ऑफ शताब्दी — सिद्धार्थनगर

शिक्षक का मुख्य कार्य विद्यार्थियों के अंदर उनके ज्ञान कौशल को पहचानना

## शिक्षा से तैयार होते हैं जिम्मेदार नागरिक

समारोह — सिद्धार्थ विश्वविद्यालय का परिचयात्मक समारोह में परोपकार पर बल

गुरुवार को कार्यक्रम को संबोधित करते सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय पूरे विश्व में बने पहचान का केन्द्र : राज्यपाल

प्रखर विकास

सिद्धार्थनगर। मैं भगवान गौतम बुद्ध की धरती को प्रणाम करती हूं, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय पूरे विश्व में अपनी पहचान का केन्द्र बने। बच्चों का ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए जो उनके जीवन में खुशहाली लाये। शिक्षा ऐसी हो जो ईश्वर तुल्य देश और समाज को खण्डित न करने की शिक्षा दी जाये। महात्मा गौतम बुद्ध का बचपन का सिद्धार्थ था इसी के नाम पर जनपद तथा विश्वविद्यालय का नाम सिद्धार्थ रखा गया है। सिद्धार्थनगर की धरती पर पहुंचकर भगवान गौतम बुद्ध का नमन करती हूं। उक्त बातें राज्यपाल/ कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल ने कहीं। वह रविवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किये गये पांचवे दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए सन्देश दिया कि अच्छे इंसान बनकर अपना जीवन जियें तथा अपनी मानवता का ज्ञान दें। विश्वविद्यालय में कोई भी नई विषय की शुरूआत करने में अनेकों कठिनाईयां सामने आती हैं, उन कठिनाईयों को विश्वविद्यालय परिवार दूर करते हुए बच्चों का अच्छी शिक्षा दें। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम राज्यपाल/ कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल व कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण

### राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए 33 छात्र

कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर कला संकाय, विज्ञान संकाय, विज्ञान संकाय तथा कृषि विज्ञान संकाय तथा अन्य विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 33 छात्र/छात्राओं को राज्यपाल/कुलाधिपति श्रीमती आनन्दी बेन पटेल द्वारा मेडल एवं डिग्री प्रदान की गयी।

- सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया दीक्षान्त समारोह
- समारोह में राज्यपाल के हाथों गोल्ड मेडल पाए 33 छात्र

### ककरहवा बॉर्डर पर इमिग्रेशन बैठाने को सौंपा मांग

गोरखपुर युवा Youth

## कबड्डी : सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की महिला टीम बनी चैंपियन

### ओडिशा के संभलपुर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में लहराया परचम

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। ओडिशा के संभलपुर विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु की महिला कबड्डी टीम ने अपना परचम लहराया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि पिछड़े क्षेत्र से निकलकर महिला कबड्डी टीम का प्रदर्शन सबके लिए प्रेरणादायी है।

इस जीत के बाद अब महिला कबड्डी टीम जनवरी में अखिल

कबडी प्रतियोगिता में जीत के बाद खुशी जताती सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु की खिलाड़ी। विज्ञप्ति

## गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ क्रीड़

सिद्धार्थनगर | कार्यालय संवाददाता

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में मंगलवार को कुलपति प्रो.हरि बहादुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में क्रीड़ा परिषद की बैठक हुई। कुलपति ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ-साथ उच्च स्तर के क्रीड़ा की परिस्थितियां सृजित बरना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में असीम संभावनाएं हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों को ऐसे विद्यार्थियों को क्रीड़ा के क्षेत्र में अवसर उपलब्ध कराकर रोजगार सहित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक बनना चाहिए।

उन्होंने कहा कि नेक नियत और पवित्र उद्देश्य के साथ क्रीड़ा के क्षेत्र में कार्य करें धन या संसाधन कार्य में बाधा नहीं बनेगा। यह प्रयास होगा कि परिसर सहित संबद्ध महाविद्यालयों में निरंतर क्रीड़ा की गतिविधियां संचालित हों। क्रीड़ा के शिक्षक विद्यार्थियों में से उनकी क्षमता के अनुसार उनको आगे बढ़ाने का प्रयत्न करें। मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल समय बिताने के लिए खेल या खेल की प्रतियोगिताएं न आयोजित करें बल्कि उसके पीछे सार्थक एवं पवित्र उद्देश्य होना चाहिए। तभी खेल के क्षेत्र में विद्यार्थियों का भला हो सकेगा। इसलिए विद्यार्थियों के अंदर जज्बा पैदा करने की भी जिम्मेदारी शिक्षकों एवं संस्थान की होनी चाहिए। कुलसचिव राकेश कुमार ने कहा की विश्वविद्यालय हमेशा से प्रयास रहा है कि संबद्ध महाविद्यालयों में खेल के प्रति विद्यार्थियों में रुचि पैदा हो। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. बृजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि करोना महामारी की वजह से खेल प्रतियोगिता आयोजित करना चुनौती अवश्य है

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में मंगलवार को कुलपति प्रो .हरि बहादुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में क्रीड़ा परिषद की बैठक हुई। • हिन्दुस्तान

## सिद्धार्थ विवि में बालिका हेल्थ क्लब शुरू

### श्रेष्ठ भारत का स्तंभ बनेंगी स्वस्थ बालिकाएं : प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव

वॉयस ऑफ शताब्दी

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में मिशन शक्ति प्रकोष्ठ के तहत मिशन शक्ति फेज 3 में उच्च शिक्षा विभाग की निर्देश में विश्वविद्यालय में बालिका हेल्थ क्लब का उद्घाटन कुलपति प्रो. हरि बहादुर श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि स्वस्थ्य युवा ही भारत के रीढ़ है। विशेष रूप से स्वस्थ्य बालिकाएं वास्तव में श्रेष्ठ भारत का आधार स्तम्भ हैं।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु इस प्रकार के केंद्र का स्थापित होना महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर मिशन शक्ति के सदस्यों से अपेक्षा करते हुए कुलपति ने कहा कि प्रत्येक दिन बालिका अध्ययन केंद्र पर मिशन शक्ति का कोई एक सदस्य उपस्थित रहे, उसका नाम संबंधित जगहों पर डिस्प्ले हो ताकि किसी छात्रा को स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या विश्वविद्यालय परिसर में होने पर तत्काल उसके उससे संपर्क करके स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सके। कुलपति ने बालिका हेल्थ क्लब में उपलब्ध औषधियों तथा उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी डॉ. नीता यादव ने कहा की बालिका हेल्थ क्लब में विश्वविद्यालय की सभी बालिकाओं को जोड़ा जा रहा है। उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण का निरंतर प्रयास करते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतु बालिका हेल्थ क्लब के तत्वाधान में अनेक कार्यक्रम भी संपन्न किए जाएंगे। साथ ही समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे। सभी व्यवस्थाएं बालिकाओं के लिए निशुल्क होंगी।

चिकित्सक डॉ. अरुण द्विवेदी ने कहा कि प्राथमिक उपचार से सम्बंधित सभी औषधियां बालिका हेल्थ क्लब में उपलब्ध होंगी। योग व्यायाम के माध्यम से भी उत्तम स्वास्थ्य का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव राकेश कुमार, सहायक कुलसचिव डीएन यादव, उप कुलसचिव शेख अंजुम, अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय प्रो. दीपक बाबू, मिशन शक्ति प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ.रेनू त्रिपाठी, डॉ. वंदना गुप्ता, डॉ. मनीष बाजपेई, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. आभा द्विवेदी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मंगलवार को सिद्धार्थ विवि में बालिका हेल्थ क्लब का शुभारंभ।